नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 169/2020
Dt-30.12.2020

अपर मुख्य सचिव
गृह विभाग
बिहार, पटना

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर थाना परिसर में चहारदीवारी एवं बैरक के निर्माण के संबंध में।

महाशय,

Ravi
31/12/020

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर पूराना थाना परिसर में एक बड़ा भू–भाग है जिसकी घेराबंदी नहीं होने से थाना परिसर असुरक्षित है, गाहे–बेगाहे जानवरों का अनावश्यक प्रवेश लगा रहता है। थाना की सुरक्षा एवं अतिक्रमण के डर से थाना परिसर में चहारदीवारी का निर्माण कराना नितांत आवश्यक हो गया है। चहारदीवारी से एक सुसज्जित थाना की पहचान होती है, साथ ही असामाजिक तत्वों का प्रवेश निषेध रहता है।

थाना परिसर भू–खंड में बैरक नहीं रहने से कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के रहने में काफी परेशानी होती है और सेवा कार्य करने में अनेकों दिक्कत आती है। थाना के पुलिस की बढ़ती संख्या खासकर महिला सुरक्षाकर्मी के रहने के लिए पुलिस बैरक नहीं होने से परेशानी उठानी पड़ती है और अपने को असुरक्षित महसुस करती है।

अतएंव अनुरोध है कि झंझारपुर थाना परिसर में चहारदीवारी एवं पुलिस बैरक के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com